डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय ,भदोही
उत्तर प्रदेश

मिशन शक्ति 2025 (फेज-05) **दिनांक :08/10/2025**

आख्या

विषय :मिशन शक्ति के अंतर्गत साइबर सुरक्षा एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर व्याख्यान का आयोजन ।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय, भदोही में आज दिनांक 8 अक्टूबर 2025 को "साइबर सुरक्षा एवं आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस" विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन मिशन शक्ति फेज़-5 के अंतर्गत किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों से सचेत करना तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता (Artificial Intelligence) की उपयोगिता और इसके सुरक्षित प्रयोग के विषय में जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. माया द्वारा की गई। मुख्य वक्ता शेख सैफ़ सुल्तान ने विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा बताया कि किस प्रकार आज की डिजिटल दुनिया में इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग आवश्यक है। उन्होंने आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस के विभिन्न पहलुओं जैसे शिक्षा, चिकित्सा एवं प्रशासनिक क्षेत्रों में इसके सकारात्मक प्रभावों को सरल एवं रोचक रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ. शिखा तिवारी, डॉ. अंकिता तिवारी, राजकुमार सिंह यादव, डॉ. अमर कृष्ण यादव एवं डॉ. अनीश मिश्रा ने अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की। साथ ही बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम का सफल संचालन मिशन शक्ति के अंतर्गत किया गया । अंत में पूनम द्विवेदी द्वारा मुख्य वक्ता शेख सैफ़ सुल्तान को धन्यवाद ज्ञापित किया गया तथा उनके ज्ञानवर्धक उद्बोधन के लिए आभार व्यक्त किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के 75 छात्राएं एवं 20 छात्र उपस्थित रहे।

Maya
प्राचार्य
डा० श्यामा प्रसाद मुखर्जी
राजकीय महाविद्यालय, भदोही

Date : 08-10-2025

मिशन शक्ति
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
112
SHOT ON MI 10I

GPS Map Camera
Ahamadpur Phulwariya, Uttar Pradesh, India
9hhv+88h, Ahamadpur Phulwariya, Uttar Pradesh 221401, India
Lat 25.378386° Long 82.593362°
08/10/25 11:19 AM GMT +05:30
Google

इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग आवश्यक

जागरण संवाददाता, भदोही : डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय में बुधवार को मिशन शक्ति फेज-5 व नवाचार परिषद के के तहत साइबर सुरक्षा एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर कार्यशाला हुई। साइबर विशेषज्ञ शेख सैफ सुल्तान ने साइबर सुरक्षा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। बताया कि किस प्रकार आज की डिजिटल दुनिया में इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग आवश्यक है। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विभिन्न पहलुओं जैसे शिक्षा, चिकित्सा एवं प्रशासनिक क्षेत्रों में इसके सकारात्मक प्रभावों को सरल एवं रोचक रूप में प्रस्तुत किया। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रचलन बढ़ने के कारण साइबर अपराध भी बढ़ रहा है।

साइबर सुरक्षा के प्रति छात्रों व प्राध्यापकों को जागरूक करते विशेषज्ञ • जागरण

साइबर सुरक्षा और एआई की दी जानकारी

भदोही। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय में बुधवार को मिशन शक्ति के पांचवें फेज में नवाचार परिषद के संयुक्त तत्वावधान में साइबर सुरक्षा व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य डिजिटल युग में छात्र-छात्राओं को बढ़ते साइबर अपराधों से सचेत करना और एआई की उपयोगिता से अवगत कराना था। प्राचार्या डॉ. माया ने कहा कि एआई का उपयोग नवाचार और उद्यमशीलता को बढ़ावा देने में कारगर साबित हो सकता है। व्यवसाय एवं नवाचार संबंधी चुनौतियां एवं समस्यायों के समाधान में इसने अपनी महत्ता सिद्ध की है। संवाद